# जनता कॉलेज बकेवर में बी.काम प्रथम वर्ष एवं एम.कॉम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों का 'ऑरियन्टेशन प्रोग्राम' (अभिविन्यास  कार्यक्रम) दिनांक 19/09/22 को सम्पन्न हुआ।

आज दिनांक 19/09/22 को जनता कॉलेज बकेवर में बी.काम प्रथम वर्ष एवं एम.कॉम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्रों का 'ऑरियन्टेशन प्रोग्राम' (अभिविन्यास  कार्यक्रम) सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने विधार्थियों को छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व तथा कालेज में अनुशासन से संबंधित प्रावधानों से अवगत कराया। कालेज के आन्तरिक शिकायत प्रकोष्ठ की सदस्या एवं रसायन विज्ञान विभाग  की प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया ने कॉलेज की छात्राओं के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उनके निवारण के बारे आवश्यक जानकारी प्रदान की। वाणिज्य संकाय के डीन एवं प्रभारी डा. योगेश शुक्ला ने विधार्थियों को वाणिज्य विषय की उपयोगिता तथा संभावित अवसरों के बारे में जानकारी दी। वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक श्री गोपीनाथ मौर्य ने विद्यार्थियों को बी.कॉम तथा एम.कॉम  के पाठ्यक्रम के बारे में अवगत कराया ।

कार्यक्रम का संचालन कालेज के सांस्कृतिक क्रियाकलाप संयोजक डा. दिव्य ज्योति मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में श्री गजेन्द्र सेंगर, अरविंद मिश्रा, अनिल कुमार तथा आकाश चौधरी भी उपस्थित रहे ।

Science/Commerce
Agriculture Faculty
ORIENTATION PROGRAMME
JANTA COLLEGE BAKEWAR ( ETAWAH )